भारत सरकार /**GOVERNMENT OF INDIA**
रेलमंत्रालय/ **MINISTRY OF RAILWAYS**
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
**MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI**

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 10.06.2025

## आरेडिका ने अखिल भारतीय रेल स्तर पर हिंदी नाट्य उत्सव में सर्वश्रेष्ठ स्क्रिप्ट लेखन पुरस्कार प्राप्त किया

विगत वर्षों की भांति रेल मंत्रालय ने इस वर्ष भी राजभाषा हिंदी के प्रचार प्रसार के उद्देश्य से अखिल भारतीय रेल स्तर पर हिंदी नाट्य उत्सव–2024 का आयोजन किया ।

इस वर्ष अखिल भारतीय रेल स्तर पर हिंदी नाट्य उत्सव – 2024 का आयोजन रेल मंत्रालय के निर्देशन में मध्य रेलवे द्वारा 2 जून 2025 से 6 जून 2025 के बीच जोनल क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान, भुसावल में किया।

इस प्रतियोगिता में आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली ने अमिय श्रीवास्तव के नेतृत्व में सांस्कृतिक संगठन के 12 सदस्यों का दल इस प्रतियोगिता में शामिल हुआ। इस प्रतियोगिता में आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली की टीम ने सर्वश्रेष्ठ स्क्रिप्ट लेखन का पुरस्कार प्राप्त किया । इस स्क्रिप्ट के लेखक, आरेडिका के वरिष्ठ अनुभाग अभियंता अंगद सिंह कुशवाहा हैं।

इस प्रतियोगिता में एमसीएफ द्वारा "**मौलिक अधिकार**" नामक नाटक का मंचन किया गया, इस नाटक का निर्देशन श्री विश्वेश्वर प्रसाद तकनीशियन द्वारा किया गया। इसके अतिरिक्त आदित्य प्रकाश, अरविंद ओझा, विवेकानंद व्यास, भारतेंदु कुमार, राजेन्द्र वर्मा, जितेंद्र कुमार, गिरीश कुमार दीपक कुमार, गौरव कुमार, प्रियंका ने इस नाटक में विभिन्न दायित्वों का निर्वाह किया।

10.6.2025

(आर.एन.तिवारी )
मुख्य जन संपर्क अधिकारी